**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
उद्यानिकी और वानिकी विश्वविद्यालय के डॉ। वाई.एस.
नौनी सोलन, हिमाचल प्रदेश

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 11-08-2026**

**सोलान(हिमाचल प्रदेश ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2026-08-11 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2026-08-12 | 2026-08-13 | 2026-08-14 | 2026-08-15 | 2026-08-16 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 12.0 | 10.0 | 10.0 | 15.0 | 14.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 25.0 | 26.0 | 27.0 | 26.0 | 26.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 20.0 | 20.0 | 20.0 | 21.0 | 21.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 89 | 88 | 87 | 92 | 91 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 69 | 68 | 67 | 72 | 71 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 3 | 4 | 3 | 3 | 1 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 157 | 79 | 63 | 63 | 146 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 7 | 7 | 7 | 8 | 7 |
| चेतावनी | NA | NA | NA | NA | NA |

## पूर्वानुमान सारांश:

अगले पाँच दिनों के दौरान जिले में मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। 11 से 15 अगस्त तक जिले के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 25.0 से 27.0 डिग्री सेल्सियस तथा 20.0 से 21.0 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। उत्तर-पूर्व दिशा से 1.3 से 3.7 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवाएँ चलेंगी। सापेक्षिक आर्द्रता 67 से 92 प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है।

## मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

• जिले के कुछ स्थानों पर 13 एवं 14 अगस्त, 2026 को भारी वर्षा होने की संभावना है।

## मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

• लगातार वर्षा के कारण खेतों में जलभराव, मृदा कटाव, फफूंदजनित रोगों के प्रकोप तथा खड़ी फसलों के गिरने (लॉजिंग) का खतरा बढ़ सकता है। अतः किसानों को सलाह दी जाती है कि खेतों में जल निकासी हेतु उचित नालियों की व्यवस्था करें। • आर्द्रता में वृद्धि एवं लंबे समय तक नमी बने रहने से फफूंद एवं जीवाणुजनित रोगों जैसे जड़ सड़न, झुलसा रोग तथा पत्ती धब्बा रोग के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए किसानों को खेतों की मेड़ों पर उगी खरपतवार एवं झाड़ियों को हटाकर वायु संचार बेहतर बनाने की सलाह दी जाती है। रोगग्रस्त पौधों अथवा पौधों के संक्रमित भागों को खेत से निकालकर नष्ट करें।

## सामान्य सलाहकार:

 भारी वर्षा के दौरान नदियों, नालों एवं निचले क्षेत्रों से दूर रहें, क्योंकि जलस्तर अचानक बढ़ सकता है।  सभी फसलों में सिंचाई कार्य फिलहाल स्थगित रखें।  वर्षा जल के संग्रहण एवं सुरक्षित भंडारण की उचित व्यवस्था करें।  खेतों में जलभराव से बचने के लिए उचित जल निकासी नालियों की व्यवस्था करें।  खरपतवारों की

| |
|---|
| नियमित निकासी कर फसलों में वायु संचार बनाए रखें। □ कीट-ग्रसित फलों एवं प्रभावित टहनियों/प्ररोहों की नियमित रूप से हाथ से तुड़ाई कर उनका सुरक्षित निपटान करें। |

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| □ स्थानीय भाषा में कृषि मौसम संबंधी जानकारी प्राप्त करने हेतु Meghdoot App का उपयोग करें। |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| मक्का | • फसल में वर्षा जल को एकत्रित न होने दें, क्योंकि यह फसल जलभराव के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होती है। खेतों में पानी रुकने से जीवाणुजनित तना सड़न (Bacterial Stalk Rot) रोग के प्रकोप की संभावना बढ़ जाती है। अतः किसानों को सलाह दी जाती है कि वे खेतों में उचित जल निकासी व्यवस्था बनाए रखें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| सेब | • लगातार बादल छाए रहने तथा अधिक आर्द्रता की स्थिति में बागानों में किसी भी प्रकार के रसायन का छिड़काव न करें। खरपतवार एवं झाड़ियों को हटाकर बागानों में वायु संचार बेहतर बनाए रखें। • किसान वर्षा के दौरान अथवा वर्षा रुकने के तुरंत बाद फल तुड़ाई का कार्य स्थगित रखें। • तुड़ाई के बाद फलों को छायादार एवं अच्छी वायु संचार वाली जगह पर रखें, ताकि उनकी गुणवत्ता बनी रहे तथा भंडारण क्षमता बढ़ सके। |
| खीरा | □ किसानों को सलाह दी जाती है कि बेलदार फसलों को उचित सहारा प्रदान करें तथा खेतों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था हेतु नालियाँ बनाएं। □ फलों को मिट्टी के सीधे संपर्क में आने से बचाएं, जिससे सड़न एवं रोगों के संक्रमण की संभावना कम हो सके। |
| भिण्डी | • किसानों को सलाह दी जाती है कि खेतों को खरपतवार मुक्त रखें तथा जलभराव से बचाव हेतु उचित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। |
| टमाटर | • परिपक्व फलों की समय पर तुड़ाई करें। • बकआई रॉट (Buckeye rot) एवं झुलसा रोग (Blight) के प्रकोप की नियमित निगरानी करें। रोग के लक्षण दिखाई देने पर संक्रमित पौधों अथवा पौधों के भागों को तुरंत खेत से निकालकर मिट्टी में दबा दें। • फलों को मिट्टी के सीधे संपर्क में आने से बचाएं, ताकि सड़न एवं रोगों के संक्रमण की संभावना कम हो सके। • तना एवं फल छेदक कीट के नियंत्रण हेतु संक्रमित फलों की नियमित रूप से हाथ से तुड़ाई करें तथा उनका उचित निपटान करें। |
| अदरक | • खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था बनाए रखें तथा जल निकासी नालियों को खरपतवार मुक्त रखें। • कंद सड़न (Rhizome Rot) रोग की नियमित निगरानी करें। रोगग्रस्त, पीली एवं सूखी पत्तियों को पौधों से हटाकर खेत से बाहर निकालें, ताकि रोग के प्रसार को रोका जा सके। |
| शिमला मिर्च | • परिपक्व फलों की समय पर तुड़ाई करें, ताकि फलों को अधिक पकने, गुणवत्ता में कमी तथा बाजार मूल्य में गिरावट से बचाया जा सके। • लगातार नमी वाली मिट्टी एवं बादलयुक्त मौसम की स्थिति में जड़ सड़न और तना सड़न जैसे रोगों के प्रकोप की संभावना बढ़ जाती है। अतः किसानों को सलाह दी जाती है कि खेतों में जलभराव न होने दें तथा अतिरिक्त वर्षा जल की निकासी के लिए उचित जल निकासी व्यवस्था बनाए रखें। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गाय | □ मानसून के दौरान खुरपका-मुंहपका (Foot and Mouth Disease–FMD) एवं ब्लैक क्वार्टर (Black Quarter–B.Q.) जैसी संक्रामक बीमारियों की संभावना को देखते हुए पशुपालकों को अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण कराने की सलाह दी जाती है। |

## अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

| अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) | अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| सामान्य सलाह |  मौसम एवं मृदा की वर्तमान परिस्थितियाँ वृक्षारोपण के लिए अनुकूल हैं। |
| पौध - संरक्षण |  प्राकृतिक खेती करने वाले किसान साफ मौसम की स्थिति के दौरान अग्निअस्त्र, ब्रह्मास्त्र और नीमास्त्र तथा दशपर्णी अर्क का साप्ताहिक अंतराल पर 3.0 प्रतिशत और जीवामृत का नियमित अंतराल पर 10.0 प्रतिशत का छिड़काव करके कीटों के हमले को नियंत्रित कर सकते हैं। |

## मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

| |
|---|
| • आर्द्रता में वृद्धि एवं लंबे समय तक नमी बने रहने से फफूंद एवं जीवाणुजनित रोगों जैसे जड़ सड़न, झुलसा रोग तथा पत्ती धब्बा रोग के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। |

## प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

| |
|---|
| • किसानों को खेतों की मेड़ों पर उगी खरपतवार एवं झाड़ियों को हटाकर वायु संचार बेहतर बनाने की सलाह दी जाती है। रोगग्रस्त पौधों अथवा पौधों के संक्रमित भागों को खेत से निकालकर नष्ट करें। |

**Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.**

**Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/**

**Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details**

**Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details**